प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का करेंगे उदघाटन, पचास से अधिक देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल।
- कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी आज दो दिवसीय दौरे पर आयेंगे रांची, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ कोल कंपनियों से जुड़े मुद्दों पर करेंगे चर्चा।
- एचएमपीवी को लेकर झारखंड में विशेष सतर्कता, आज रिम्स पहुंचेगी जांच किट, जमशेदपुर में जल्द शुरु होगी जांच सुविधा।
- राजधानी रांची समेत राज्यभर में पछुआ हवा के प्रकोप से बढ़ी ठंड, मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन कनकनी से राहत की उम्मीद नहीं।
- रांची में चल रही 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में अंडर–19 एथलेटिक्स के अंतिम दिन झारखंड ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक पर जमाया कब्जा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भुवनेश्वर के जनता मैदान में आज 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का औपचारिक उद्‌घाटन करेंगे। यह सम्मेलन भारतीय मूल के लोगों को एक–दूसरे से जुड़ने का एक मंच प्रदान करता है। पचास से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए पंजीकरण करवाए हैं। इस सम्मेलन का विषय है– विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान।

आकाशवाणी दिल्ली आज प्रवासी भारतीय दिवस के उद्‌घाटन कार्यक्रम पर ऑफ ट्यूब कमेंट्री प्रसारित करेगा। श्रोता इसे सुबह 9 बजकर 55 मिनट पर इन्द्रप्रस्थ, एफ.एम. गोल्ड और आकाशवाणी लाइव न्यूज 24•7' पर सुन सकते हैं। इस कार्यक्रम को आकाशवाणी के यू–ट्यूब चैनल आकाशवाणी ए.आई.आर पर भी प्रसारित किया जाएगा।

*******************

कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी दो दिवसीय दौरे पर आज रांची आयेंगे। वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बैठक करेंगे। बैठक में राज्य सरकार और कोल कंपनियों के जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। राज्य सरकार बकाये के संबंध में अपने दावे के साथ जमीन संबंधी मांग भी रख सकती है। केन्द्र सरकार से कोयला रोयल्टी मद में एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपये बकाया वसूली को लेकर उठे विवाद के बीच यह बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अपने दौरे के क्रम में कोयला मंत्री सीसीएल के प्रस्तावित 200 बेड के सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल की भी नींव रखेंगे। वे गांधी नगर कॉलोनी के पीछे कर्मचारियों के लिए बनने वाले आवासों का भी शिलान्यास करेंगे।

*******************

एक राष्ट्र एक चुनाव से जुड़े दो विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति–जेपीसी की पहली बैठक के बाद समिति में शामिल भाजपा सांसद वीडी राम ने कहा कि यह विधेयक देशहित में है और इसे अवश्य पारित किया जाना चाहिए।

इधर, कांग्रेस सांसद और जेपीसी सदस्य सुखदेव भगत ने कहा है कि इस विधेयक के पारित होने से आम भावना आहत होगी।

*******************

देश में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस– एचएमपीवी की दस्तक के बाद झारखंड में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। संदिग्धों की जांच के लिए रांची स्थित रिम्स में आज किट उपलब्ध होने की संभावना है। जमशेदपुर में एमजीएम में भी जल्द ही जांच की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। जांच किट मिलने के बाद रिम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग स्थित वीआरडीएल लैब में संदिग्धों की जांच हो सकेगी।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

राज्य में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं। इस सिलसिले में औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में पुलिस ने बिरसा नगर थाना क्षेत्र में सात स्टंट बाइकर्स पर पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया है और उनके लाइसेंस भी रद्द कर दिये हैं। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने युवाओं से अपील की है कि वे अपनी जान को जोखिम में न डालें।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में पछुआ हवा का प्रकोप जारी है। इस वजह से राज्य में अगले तीन दिनों तक कनकनी भरी ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है। रांची मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि पछुआ हवा के कारण तापमान में गिरावट आ रही है। अगले 24 घंटे में तापमान में और गिरावट आ सकती है। उन्होंने बताया कि तीन दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के मौसम में बदलाव हो सकता है।

*******************

हॉकी इंडिया लीग में डच ड्रैग–फिलकर जिप जानसेन की शानदार हैट्रिक से तमिलनाडु ड्रैगन्स ने टीम गोनासिका को 6–5 से हरा दिया। राउरकेला में खेले गए इस मैच में जीत से तमिलनाडु ड्रैगन्स नौ अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। दूसरे मैच में, निचले स्थान पर चल रही हैदराबाद तूफान्स ने यूपी रुद्रास को 3–0 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की।

*******************

रांची में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंडर–19 एथलेटिक्स के अंतिम दिन झारखंड ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक पर कब्जा जमाया। झारखंड कुल पांच पदक के साथ अंक तालिका में आठवें स्थान पर रहा जबकि 138 अंकों के साथ केरल की टीम ओवरऑल चैंपियन रही। अंडर–19 प्रतियोगिता के समापन के बाद अब 11 जनवरी से अंडर–14 एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं होंगी।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने तिरुपति मंदिर में भगदड़ और रामगढ़ में सड़क हादसे में तीन स्कूली बच्चों की मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– बंद के आदेश के बावजूद खुला स्कूल, ट्रक के धक्के से ऑटो सवार तीन बच्चों की मौत।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– बोकारो में पुरुष ने ली मंइयां सम्मान की राशि, एफआईआर दर्ज।

हिन्दुस्तान लिखता है– तिरुपति मंदिर में भगदड़, तीन महिलाओं सहित छह की मौत।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– बगैर 10 साल के शिक्षण अनुभव के भी विश्वविद्यालय में अब बन सकेंगे कुलपति।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी रामगढ़ में सड़क दुर्घटना में तीन स्कूली बच्चों की मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।।

*****************